भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1040

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना

एनएच-183 और एनएच-183ए पर परियोजनाएँ

1040. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मावेलीक्कारा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एनएच-183 और एनएच-183ए पर वित्तीय स्वीकृति के लंबित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं का खंड-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) भूमि अधिग्रहण, संशोधित लागत अनुमान या अंतर-मंत्रालयी स्वीकृतियों सहित प्रस्ताव का वर्ष, डीपीआर लागत, वित्तीय स्वीकृति लंबित होने के चरण और ऐसी लंबितता के कारण क्या हैं;

(ग) पहले से प्रतिबद्ध या आंशिक रूप से स्वीकृत राशि, यदि कोई हो, क्या है, और कार्यों के प्रारंभ या पूरा होने के लिए आवश्यक शेष धनराशि क्या है;

(घ) क्या वित्तीय स्वीकृति में देरी से लागत वृद्धि, यातायात संकुलन या सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हुई हैं और इस संबंध में क्या आकलन किया गया है; और

(ङ) लंबित खंडों पर वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने और कार्य शुरू करने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) मावेलीक्कारा निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-183 के कोल्लम-अंजिलिमुडू खंड के लगभग 24 किमी और अंजिलिमुडू-कुमली खंड के लगभग 13 किमी शामिल हैं। केरल राज्य में एनएच-183 की कुल लंबाई लगभग 215 किमी है। एनएच-183ए का लगभग 4.5 किमी भाग मावेलीक्कारा निर्वाचन क्षेत्र में है।

एनएच-183 को 4 लेन विन्यास में बदलने और कुंदरा से अंजिलिमुडू तक के खंड के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। एनएचएआई द्वारा एनएच-183 के अंजिलिमुडू-कुमिली खंड के विकास के लिए डीपीआर तैयार किया जाएगा। एनएच-183ए के लिए, 4-लेन विन्यास के विकास के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य सौंप दिया गया है। डीपीआर के अंतिम रूप दिए जाने और इसके मंजूरी के पश्चात निधियों की आवश्यकता निर्धारित की जाएगी।

ये परियोजनाएं वर्तमान में डीपीआर चरण में हैं और भूमि की उपलब्धता और अन्य मंजूरी सहित मौजूदा मूल्यांकन और अनुमोदन प्रक्रियाओं के अनुसार मंजूरी पर विचार करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस चरण में कार्य शुरू करने के लिए समय-सीमा बताना जल्दबाजी होगी।

*****